PATNA UNIVERSITY, PATNA

PATNA UNIVERSITY STUDENTS' UNION ELECTION-2025-26

पत्रांक --105-----/PUSUE/2025-26 दिनांक 06.03.2026

दिनांक 07.03.2026 को अपराह्न 2.30 बजे केन्द्रिय समिति (Core Committee) की एक बैठक आहूत की जाती है जिसमें चुनाव प्रकिया पर अनिवार्य विर्मश अपेक्षित है इसमें आप सभी की उपस्थिति वांक्षित है। कृपया समसय उपस्थित होने की कृपा करें।

Sd/-

मुख्य निर्वाचन चुनाव पदाधिकारी,
पटना विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक—106–/ PUSUE/2025-26 दिनांक 06.03.2026

1. संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, पटना विश्वविद्यालय,
2. कुलानुशासक, पटना विश्वविद्यालय,
3. कुलपति के वरीय सचिव, पटना विश्वविद्यालय एवं
4. सभी केन्द्रिय समिति (Core Committee) के सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

Shankar Kumar 06/03/2026

मुख्य निर्वाचन चुनाव पदाधिकारी,
पटना विश्वविद्यालय, पटना

RESOLUTION

L.No. 107/PUSUE,26

Aunian 07/3/26

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025–26 का मतदान 28 फरवरी 2026 को 08.30 बजे से 02.30 बजे तक सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय पैनल के 05 पद के लिए कुल 41 प्रत्याशी और छात्र परिषद के 22 पदों के लिए कुल 45 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थें । कुल 86 प्रत्याशियों में से एक अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रिकल यादव (जिन्हें अधिसूचना संख्या–77 दिनांक 24.02.2026 के अन्तर्गत अध्यक्ष पद हेतु अधिसूचित लिस्ट में क्रम संख्या–07 आवंटित किया गया था) द्वारा प्रातः 08.45 बजे के आस–पास केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में अपने मोबाइल पर खींची तस्वीर दिखाई गई, जिससे यह संज्ञान में आया कि अध्यक्ष पद के मतपत्र पर क्रम संख्या –07 पर प्रत्याशी का नाम 'रिकल यादव' की जगह 'रिंकल कुमार' मुद्रित है । मुख्य चुनाव अधिकारी ने कुछ चुनाव पदाधिकारियों से फोन पर बात कर इस त्रुटि की पुष्टि की। तत्पश्चात् मोबाईल पर ही क्रमांक 07 के प्रत्याशी के टाइटल में 'कुमार' के स्थान पर 'यादव' लिखने का निर्देश सभी पीठासीन चुनाव पदाधिकारियों को दिया गया और इसे अधिसूचित पत्रांक 103/PUSUE/26 के माध्यम से किया गया। इस एक शिकायत के अतिरिक्त पूरे चुनाव प्रक्रिया में कोई अन्य शिकायत इस कार्यालय को प्राप्त नहीं है। तत्पश्चात् अधिसूचना पत्रांक 103(S)/ PUSUE/26 दिनांक 28.02.2026 जारी करते हुए मतगणना पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि मतपत्र पर क्रमांक 7 पर मुद्रित 'रिंकल कुमार' एवं 'रिंकल यादव' के नाम पर डाले गये सभी मत 'रिकल यादव' के पक्ष में मानते हुए मतगणना किया जाय। इसके अतिरिक्त सदस्यों द्वारा टीम बनाकर सभी निर्धारित 41 मतदान केंद्रों का दौरा कर नाम के सुधार की जॉच भी कर ली गई।

अतः केन्द्रीय चुनाव समिति इस गैर इरादतन मानवीय भूल के लिए खेद प्रकट करती है और अध्यक्ष पद मतपत्र के क्रमांक संख्या 07 के प्रत्याशी को आश्वस्त करती है कि ऐसी गलती किसी दुर्भावना या पक्षपात के दृष्टिकोण से नहीं किया गया।

केंद्रीय चुनाव समिति ने चुनाव पदाधिकारी/पर्यवेक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर पूरे चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराया। अधिकतम प्राप्त वैध मतों के आधार पर विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

Central Election Committee Report on entire Election Process with declaration of Closure of Election Process.

07-03-2026

07.03.2026

07/03/2026

07/03/2026

07/03/26

07.03.2026

7/3/26

07/3/26

07/03/2026

07.03.2026

7/3/26

7/3/26